# उत्तराखंड विधानसभा चुनाव 2022

## चर्चा में क्यों?

10 मार्च, 2022 को उत्तराखंड विधानसभा चुनाव में निर्वाचन आयोग ने राज्य की 70 सीटों पर चुनाव परिणाम घोषित कर दिये, जिनमें भारतीय जनता पार्टी ने 47 सीटों पर जीत दर्ज कर पूर्ण बहुमत हासिल कर लिया है।

## प्रमुख बिंदु

- इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सर्वाधिक 47 सीटों पर जीत दर्ज की है तथा उसे 44.33 प्रतिशत वोट मिले है।
- इसके साथ ही भाजपा ने उत्तराखंड में लगातार दो बार सरकार बनाने वाली पहली पार्टी होने का इतिहास रच दिया है।
- इस चुनाव में सबसे बड़ी बात यह रही कि दो बार के विजेता और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी खटीमा सीट से 6951 वोटों से पराजित हो गए।
- भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस 19 सीटों पर जीत दर्ज कर दूसरे स्थान पर रही, उसे 37.91 प्रतिशत वोट मिले।
- बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और निर्दलीय 2-2 सीटों पर जीत हासिल कर सके।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uttarakhand-assembly-election-2022